Bareilly, Friday,
3 April 2026
BAREILLY EDITION
Price 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO, 04, MIDDLE

SRMS सीईटी में तीन दिवसीय हैकाथान आरंभ

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (2 April): श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में गुरुवार को तीन दिवसीय 'हैकाथान 4.0' की शुरुआत हुई. ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति ने फीता काटकर प्रतियोगिता की शुरुआत की. उन्होंने युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने का मंत्र दिया. कहा कि वर्तमान युग में डिग्री से कहीं अधिक 'स्किल' (कौशल) का महत्व है. उन्होंने प्रथम पुरस्कार की राशि 31 हजार से बढ़ाकर 41 हजार रुपये करने की घोषणा की. वादा किया कि अगले वर्ष से हैकाथान की कुल इनामी राशि और टीमों की संख्या में और भी वृद्धि की जाएगी. कार्यक्रम निदेशक डा. प्रभाकर गुप्ता ने बताया कि 'टेक एज सेल' की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में जबलपुर, हरिद्वार, हल्द्वानी, तमिलनाडु, हैदराबाद, मध्य प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर और उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों से 205 प्रतिभागियों की 60 टीमें हिस्सा ले रही हैं. टीमों के प्रोटोटाइप और माडल मूल्यांकन कर निर्णायक मंडल शनिवार को हैकाथान विजेता की घोषणा करेगा. इस दौरान ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति, सलाहकार इंजीनियर सुभाष मेहरा, सीईटीआर के डीन डा. शैलेश सक्सेना, मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. एमएस बुटोला, पैरामेडिकल कालेज की प्राचार्य डा. जागीर कौर आदि मौजूद रहे.